पंजाब केसरी
WED,20 MAY 2026
EDITION: KANGRA KESARI, PAGE NO. 4

# 28 मई तक बिना लेट फीस भरे जाएंगे स्टेट ओपन स्कूल के परीक्षा फॉर्म


## ■ 1000 और 2000 लेट फीस के साथ जुलाई तक कर सकेंगे आवेदन

धर्मशाला, 19 मई (सुनील): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने स्टेट ओपन स्कूल के सितम्बर सत्र की 8वीं, 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने की तारीखें बदल दी हैं। बोर्ड ने यह फैसला छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया है ताकि किसी का साल खराब न हो।

नए नियमों के मुताबिक, जो छात्र इन परीक्षाओं के लिए अप्लाई करना चाहते हैं, वे अब बिना किसी लेट फीस के 28 मई तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं और अपना फॉर्म जमा कर सकते हैं। अगर कोई छात्र इस तारीख तक फॉर्म नहीं भर पाता है, तो उसे लेट फीस देनी होगी।

29 मई से 24 जून तक फॉर्म भरने पर 1000 लेट फीस लगेगी। वहीं, अगर कोई इसके बाद भी चूक जाता है, तो उसे 25 जून से 13 जुलाई तक 2000 लेट फीस के साथ फॉर्म भरने का आखिरी मौका मिलेगा।यह नया शैड्यूल उन सभी छात्रों पर लागू होगा जो पहली बार एडमिशन ले रहे हैं, दोबारा एडमिशन करा रहे हैं, कोई अतिरिक्त विषय चुन रहे हैं या फिर अपने नंबर सुधारने के लिए विशेष परीक्षा देना चाहते हैं। जो छात्र री-अपीयर (कंपार्टमैंट) या इंप्रूवमैंट की परीक्षा देना चाहते हैं, उनके लिए मार्च-2026 का रिजल्ट आने के बाद अलग से तारीखें घोषित की जाएंगी।

“ विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए आवेदन की तारीखों को आगे बढ़ाया गया है। प्रदेशभर के सभी स्टेट ओपन स्कूल केंद्रों को सख्त निर्देश दिए जाते हैं कि वे बोर्ड के इन नए नियमों और निर्देशों का पूरा पालन करें।एडमिशन की प्रक्रिया शुरू करने से पहले सभी प्रभारी बोर्ड की वैबसाइट पर दी गई गाइड को अच्छी तरह पढ़ लें।नियमों की किसी भी तरह की अनदेखी या अवहेलना को बोर्ड विनियमों का उल्लंघन माना जाएगा और ऐसी स्थिति में नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।



–डॉ. राजेश शर्मा, अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड।

Himachal Pradesh 20-05-2026

# बोर्ड ने किया एसओएस परीक्षा की ऑनलाइन पंजीकरण व प्रवेश आवेदन तिथियों में बदलाव

हिमाचल दस्तक ■ धर्मशाला

प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने हिमाचल प्रदेश स्टेट ओपन स्कूल के अंतर्गत सितंबर 2026 सत्र में आयोजित की जाने वाली कक्षा 8वीं, 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं हेतु ऑनलाइन पंजीकरण एवं प्रवेश आवेदन पत्र जमा करने की तिथियों में संशोधन किया गया है।

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए बिना विलंब शुल्क के ऑनलाइन पंजीकरण एवं प्रवेश आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 28 मई निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त 1000 विलंब शुल्क सहित 29 मई से 24 जून तथा 2000 रुपये विलंब शुल्क सहित 25 जून से 13 जुलाई तक आवेदन किए जा सकेंगे। डॉ. शर्मा ने बताया कि यह संशोधित कार्यक्रम फ्रेश तथा री-एडमिशन, अतिरिक्त विषय तथा विशेष अंक सुधार परीक्षा श्रेणियों पर लागू होगा। उन्होंने बताया कि एचपीएसओएस के अंतर्गत री-अपीयर एवं सुधार परीक्षा से संबंधित कार्यक्रम मार्च-2026 एचपीएसओएस परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत पृथक अधिसूचना के माध्यम से जारी किया जाएगा। बोर्ड अध्यक्ष ने प्रदेशभर में संचालित सभी एसओएस अध्ययन केंद्रों को निर्देश दिए हैं कि वे संशोधित नियमों, नवीनतम निर्देशों एवं संशोधित प्रोस्पेक्टस का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि बोर्ड द्वारा जारी निर्देशों एवं नियमों की अवहेलना को बोर्ड विनियमों का उल्लंघन माना जाएगा तथा नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

Anant Gyan 20-05-2026

# एचपीएसओएस 2026 परीक्षा शेडयूल में संशोधन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने राज्य मुक्त विद्यालय (एसओएस) के तहत सितंबर 2026 में होने वाली 8वीं, 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाओं के शेड्यूल में संशोधन किया है। अब अभ्यर्थी 28 मई तक बिना लेट फीस के ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 29 मई से 24 जून तक आवेदन करने पर 1000 रुपये अतिरिक्त शुल्क लगेगा, जबकि 25 जून से 13 जुलाई तक 2000 रुपये लेट फीस देनी होगी। परीक्षा शुल्क फ्रेश एडमिशन, टीओसी, री-एडमिशन और री-अपीयर श्रेणियों के लिए अलग-अलग निर्धारित किया गया है।

डिजिटल अख़बार
पहली नजर
सबसे पहले, सबसे तेज
19 मई, 2026 www.pehalinazar.com pehalinazarhp@gmail.com
आज की ताजा ख़बर देखते रहिए डिजिटल न्यूज़ पेपर पहली नजर के साथ

# 8वीं, 10वीं व 12वीं की परीक्षाओं हेतु ऑनलाइन पंजीकरण व प्रवेश आवेदन पत्र जमा करने की तिथियों में किया संशोधन

पहली नजर ब्यूरो, धर्मशाला


हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश स्टेट ओपन स्कूल के अंतर्गत सितंबर-2026 सत्र में आयोजित की जाने वाली कक्षा 8वीं, 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं हेतु ऑनलाइन पंजीकरण (ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन) एवं प्रवेश आवेदन पत्र जमा करने की तिथियों में संशोधन किया गया है।

उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए बिना विलंब शुल्क के ऑनलाइन पंजीकरण एवं प्रवेश आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 28-05-2026 निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त 1000 रुपये

**बिना विलंब शुल्क के ऑनलाइन पंजीकरण एवं प्रवेश आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 28-05-2026**

विलंब शुल्क सहित 29-05-2026 से 24-06-2026 तथा 2000 रुपये विलंब शुल्क सहित 25-06-2026 से 13-07-2026 तक आवेदन किए जा सकेंगे।

डॉ. शर्मा ने बताया कि यह संशोधित कार्यक्रम फ्रेश एडमिशन (फ्रेश एडमिशन), TOC/Re-admission, अतिरिक्त विषय (Additional Subject) तथा विशेष अंक सुधार परीक्षा (स्पेशल मार्केल इंप्रूवमेंट Exam-SMIe) श्रेणियों पर लागू होगा।



उन्होंने आगे जानकारी दी कि एचपीएसओएस के अंतर्गत री-अपीयर (Re-appear) एवं सुधार परीक्षा (Improvement Examination) से संबंधित कार्यक्रम मार्च-2026 एचपीएसओएस परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत पृथक अधिसूचना के माध्यम से जारी किया जाएगा।

बोर्ड अध्यक्ष ने प्रदेशभर में संचालित सभी HPSOS अध्ययन केंद्रों को निर्देश दिए हैं कि वे संशोधित नियमों, नवीनतम निर्देशों एवं संशोधित प्रॉस्पेक्टस का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ करने से पूर्व संबंधित अध्ययन केंद्रों के समन्वयक एवं सहायक समन्वयक नवीनतम प्रॉस्पेक्टस का भली-भांति अध्ययन करें, जो बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट [ www.hpbose.org ] पर उपलब्ध है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि बोर्ड द्वारा जारी निर्देशों एवं नियमों की अवहेलना को बोर्ड विनियमों का उल्लंघन माना जाएगा तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# Revision in online registration and admission dates for HPSOS September-2026 examinations

SANJAY AGGARWAL



**DHARAMSHALA:** Dr. Rajesh Sharma, Chairman of the Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE), Dharamshala, announced that the dates for online registration and the submission of admission application forms for the Class 8th, 10th, and 12th examinations—scheduled to be held during the September-2026 session under the Himachal Pradesh State Open School (HPSOS)—have been revised. He stated that, keeping the interests of the students in mind, the final deadline for submitting online registrations and admission applications without a late fee has been set for May 28, 2026. Furthermore, applications may be submitted from May 29, 2026, to June 24, 2026, with a late fee of Rs. 1,000; and from June 25, 2026, to July 13, 2026, with a late fee of Rs.2,000. Dr. Sharma clarified that this revised schedule applies to the categories of Fresh Admissions, TOC/Re-admissions, Additional Subjects, and the Special Marks Improvement Examination (SMIE). The Board Chairman has issued directives to all HPSOS study centers operating across the state to strictly adhere to the revised rules, the latest instructions, and the updated prospectus. He emphasized that, prior to commencing the admission process, the Coordinators and Assistant Coordinators of the respective study centers must thoroughly study the latest prospectus, which is available on the Board's official website: [www.hpbose.org].